मथुरा हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या और काशी के बाद अब **मथुरा में हेरिटेज कॉरिडोर** बनाने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु

- **कॉरिडोर के बारे में:**
  - इसका मुख्य उद्देश्य **पर्यटन** को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है।
  - इसके लिये यमुना एक्सप्रेसवे से बांके बिहारी मंदिर को जोड़ने के लिये 6 किमी. लंबा मिनी लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा, जिससे मथुरा और उसके आसपास के क्षेत्रों में यात्रा अधिक सुगम और सुलभ होगी।
  - कॉरिडोर में कन्वेंशन सेंटर, कला संस्थान, योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, अस्पताल, रिसॉर्ट तथा इलेक्ट्रिक बस डिपो जैसे महत्त्वपूर्ण निर्माण होंगे।
  - यह मथुरा को न केवल आध्यात्मिक स्थल के रूप में, बल्कि सांस्कृतिक और स्वास्थ्य पर्यटन के लिये भी प्रमुख केंद्र बनाने सहायक होगा।

मथुरा के बारे में

- **परिचय:**
  - मथुरा ज़िला, जो आगरा मंडल में स्थित है, यमुना नदी के किनारे बसा हुआ है।
  - इस ज़िले की सीमाएँ उत्तर-पूर्व में अलीगढ़, दक्षिण-पूर्व में हाथरस, दक्षिण में आगरा, पश्चिम में राजस्थान और उत्तर-पश्चिम में हरियाणा से मिलती हैं।
  - मथुरा एक प्रमुख हिंदू तीर्थ स्थल है और इसे भगवान कृष्ण का जन्मस्थान और गृहनगर माना जाता है।
- **इतिहास**:
  - मथुरा का सबसे पुराना उल्लेख भारतीय महाकाव्य रामायण में है। इसमें मथुरा को मधुपुर या मधुदानव का नगर कहा गया है तथा यहाँ लवणासुर की राजधानी बताई गई है।
  - छठी शताब्दी ईसा पूर्व में मथुरा **शूरसेन साम्राज्य** की राजधानी बन गई।
  - तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मेगस्थनीज ने मथुरा का उल्लेख "**मेथोरा**" नाम से किया था।
  - कुषाणों ने मथुरा को अपनी राजधानी बनाया। कुषाण साम्राज्य के तहत मथुरा में कला और संस्कृति का उत्कर्ष हुआ।
- **मथुरा रिफाइनरी**
  - यह इंडियनऑयल की छठी रिफाइनरी है, जिसे 1982 में 6.0 MMTPA क्षमता के साथ देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये शुरू किया गया था।
- **राष्ट्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान:** मखदूम, मथुरा में स्थित है।
- **एक ज़िला एक उत्पाद:** सैनिटरी फिटिंग
- **दर्शनीय स्थल**
  - मथुरा संग्रहालय
  - कृष्ण जन्म भूमि
  - द्वारकाधीश मंदिर
  - बाँकेबिहारी मंदिर
  - गोवर्धन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mathura-heritage-corridor-project